पेज थ्री
देहरादून

कोविड टीकाकरण कैंप का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री।



देहरादून, शुक्रवार, 30 जुलाई 2021




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने कोविड टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में चल रहे कोविड टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अभियान में जुटे स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का उत्साहवर्धन किया एवं टीका लगवाने आए सचिवालय कर्मियों एवं उनके परिजनों से भी मुख्यमंत्री ने बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण अभियान में और तेजी लायी जायेगी। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में टीकाकरण के कैम्प लगाये गये हैं।

### सल्फाज की गोली खाकर मौत को लगाया गले

**संवाददाता** देहरादून। रेसकोर्स निवासी एक व्यक्ति ने गुरूवार सुबह सलफाज की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपनी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह 10.30 पर पुलिस को किसी से सूचना मिली की संजीव कुमार पुत्र हुकुम चंद निवासी ऑफिसर्स कॉलोनी रेस कोर्स ने अंबर पैलेस होटल में सल्फास की गोली खा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अचेत अवस्था में संजीव को उठाकर दून अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### 20 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर पुलिस ने देर रात चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को बीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनगर पुलिस देर रात ६ ूलकोट क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर सक्रिय है। इसपर पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

### अमेजन ने केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन ने आज किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की यह साल इस प्रतियोगिता का चौथा वर्ष है और यह स्व प्रकाशित लेखकों के अद्भुत काम को पहचान देने का जश्न मनाता है यह अंग्रेजी हिन्दी और तमिल भाषाओं में लॉन्ग तथा शॉर्ट फॉर्मेट श्रेणी की अलग–अलग विधाओं में लेखकों के शानदार साहित्यिक कार्य को पुरस्कृत करता है इस साल कॉन्टेस्ट को लिट्रेचर एवं फिक्शंन साइंस फिक्शन एवं फैंटेसी मिस्ट्री एवं थ्रिलर्स जैसे विभिन्न् जोनर्स में हजारों एंट्रीज प्राप्त हुईं।

# प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक जन सम्पर्क एवं समस्याओं का हो समाधान

**निर्देश**

■ मुख्य सचिव ने दिए प्रतिदिन जनसंवाद एवं जन समस्याओं के निदान के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने प्रदेश में सुशासन के दृष्टिगत जनसंवाद एवं जन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। आयुक्त गढ़वाल एवं कुमायूँ, समस्त जिलाधिकारियों एवं तहसील एवं विकास खण्ड अधिकारियों को जारी अपने आदेश में मुख्य सचिव ने जन समस्याओं के समाधान की व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए हैं।

**जन समस्याओं को गम्भीरता से लें अधिकारी**

मुख्य सचिव ने सभी मण्डल, तहसील, विकास खण्ड स्तरीय कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों द्वारा प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक जन सम्पर्क एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूर्वाह्न 10 से 12 बजे कोई अन्य बैठक नियत न किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि अपरिहार्य कारणों से व्यक्तिगत उपलब्धता सम्भव ने होने की दशा में अन्य सक्षम प्राधिकारी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जन सम्पर्क के दौरान भेंट करने वाले व्यक्तियों के प्रति यथोचित शिष्टाचार के साथ प्राप्त समस्याओं एवं विषयों को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए।

**प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय मंगलवार तहसील दिवस का आयोजनः** मुख्य सचिव डॉ. संधु ने तहसील स्तर पर भी प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को 'तहसील दिवस' आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूर्व में प्रचलित व्यवस्था, जो कि कोविड के कारण स्थगित हो गयी थी, को पुनः प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील दिवस के दौरान, उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य रेखीय विभागों के तहसील स्तरीय सक्षम अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। तहसील दिवस के अवसर पर कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

**प्रत्येक माह कार्यवाही एवं परिणाम की रिपोर्ट भेजेंगे अधिकारीः** मुख्य सचिव ने निर्देशों को तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के साथ ही मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा भेजी जाने वाली मासिक आख्या के साथ ही निर्देशित बिन्दुओं पर कार्यवाही एवं परिणाम



भेजे जाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण में यदि समय लगना सम्भावित हो तो इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग अथवा प्राधिकारी को औचित्यपूर्ण न्यूनतम तिथि निर्दिष्ट करते हुए ऐसे विषय को निर्दिष्ट तिथि के उपरान्त पड़ने वाले तहसील दिवस में पुनर्विचार एवं समीक्षा हेतु प्रस्तुत किया जाए।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को भी रेंडम आधार पर तहसील दिवसों पर प्रतिभाग करते हुए कार्यकलापों को पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाए। स्थानीय स्तर पर नीतिगत बिन्दुओं में मार्गदर्शन अपेक्षित होने पर सम्बन्धित अधिकारी को शीघ्र अतिशीघ्र प्रेषित किया जाए।

### न दर्शक न नई फिल्में, कैसे खुलेंगे सिनेमाघर

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना की मार से सिनेमा जगत को भी भारी नुकसान हुआ है। महीनों से कोरोना के कारण बंद पड़े सिनेमाघरों को भले ही सरकार द्वारा खोलने की अनुमति दे दी गई हो लेकिन सिनेमाघर संचालकों के लिए सिनेमा घर चलाना अब घाटे का सौदा हो रहा है। न उनके पास अच्छी दिखाने की फिल्में ही है और न फिल्म देखने वाले लोग।

देहरादून सहित राज्य के दूसरे शहरों में बीते तीनकृचार माह से सिनेमाघर बंद पड़े हैं। जिसके कारण सिनेमाघरों में काम करने वाले कर्मचारी और सिनेमाघरों के संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। राजधानी दून के कई सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर पहले ही बंद हो चुके और जो सिनेमा घर चल भी रहे थे तो अब कोरोना की मार के कारण वह भी बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। खास बात यह है कि कोरोना काल में जहां एक ओर नई फिल्में रिलीज नहीं की जा रही है वही पुरानी फिल्मों के सहारे सिनेमाघरों को चलाना संभव नहीं है। एक गंभीर समस्या यह भी है कि कोरोना के डर से लोगों में सिनेमा देखने के प्रति अब पहले जैसा उत्साह भी नहीं रहा है।

# 22 लाख ठगने वाला शातिर नाइजीरियन पहुंचा जेल

**हिरासत**

■ साइबर क्रिमिनल को दून की कोर्ट में किया गया पेश

**संवाददाता**

देहरादून। मुंबई से गिरफ्तार किए गए नाइजीरियन साइबर क्रिमिनल को गुरुवार को देहरादून की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। नाइजीरियन ठग पर देहरादून एक शख्स से 22 लाख की साइबर धोखाधड़ी का आरोप है। उत्तराखंड एसटीएफ ने दो दिन पहले 27 जुलाई को नाइजीरियन ठग रोबिन को मुंबई से गिरफ्तार कर वहां की स्थानीय कोर्ट में पेश किया था। मुंबई की



कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड मिलने के उपरांत ठग को बुधवार देर रात देहरादून लाया गया था। उत्तराखंड एसटीएफ के अनुसार नाइजीरियन ठग रोबिन से पूछताछ में जो जानकारी सामने आई, उसमें पता चला है कि इसके द्वारा फेसबुक पर विदेशी महिला के नाम पर पहले दोस्ती का प्रस्ताव भेजा जाता था। फिर खुद को विदेशी कंपनी की कर्मचारी बताकर लगातार अपनी बातों में फंसाकर देशभर में मोंगोगो जंगली नट बीज खरीद कर उन्हें विदेशी कंपनियों को बेचकर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया जाता था। फिर मुंबई से सामान खरीदने के नाम पर अलग–अलग बैंकों के खातों में लोगों से पैसा ट्रांसफर कर साइबर फ्रॉड किया जाता था। उत्तराखंड एसटीएफ के मुताबिक देहरादून निवासी राकेश चंद्र बहुगुणा द्वारा बीते दिनों साइबर पुलिस स्टेशन में तहरीर देकर 22 लाख 39 हजार की साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र में बताया था कि उनकी फेसबुक में किसी अनजान विदेशी महिला से पहले दोस्ती हुई। महिला द्वारा खुद को विदेशी कंपनी में कार्यरत बताया गया। महिला ने फेसबुक चैटिंग में बताया कि उनकी कंपनी मुंबई स्थित एक व्यापारी से मोंगोगो जंगली नट बीज खरीद कर उसमें भारी मुनाफा कमा रही है। विदेशी महिला की बातों में आकर लालच में उन्होंने मुंबई के उसी व्यापारी और उनकी फर्जी कंपनी के ईमेल के जरिये इन्वेस्टमेंट वाली औपचारिकताएं पूरी कराईं।

### कांग्रेस कोर ग्रुप की बैठक 4 अगस्त को

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस आलाकमान ने कांग्रेस के चार कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रंजीत रावत, जीत राम आर्य, तिलक राज बेहड़ और भुवन कापड़ी को जिम्मेदारी दी गई। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें प्रदेश भर की विभिन्न सीटों की जिम्मेदारी भी सौंप दी। वहीं खुद प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी अब सक्रिय हो गए हैं और तेजी से पार्टी में कार्यकर्ताओं और नेताओं को चुनावी मोड में सक्रिय करने की कोशिशों में जुटे हैं। कांग्रेस ने भी अपना इंतजाम कर लिया है। कॉन्ग्रेस अब चुनावी मोड में आ चुकी है अगले कुछ दिन 11 कमेटियों की बैठके निर्धारित की गई हैं। इसके अलावा 4 अगस्त को कांग्रेस कोर ग्रुप की बैठक आयोजित होने जा रही है। जिसमें 2022 में होने वाले चुनाव के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।